सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए "केंद्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

हमारे कृषि उत्पाद

भोपाल अंचल

सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए "केंद्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

अनुक्रमणिका

➢ प्रस्तावना	4
➢ भारतीय कृषि अर्थव्यवस्था	6
➢ भारतीय कृषि का स्वरूप	7
➢ भारत के विकास में कृषि बैंकिंग का महत्व	7
➢ ग्रामीण भारत में बैंकिंग क्षेत्र की भूमिका	13
➢ नॉबार्ड की भूमिका	17
➢ भारत में प्रचलित कृषि ऋण संबंधी योजनायें	28
➢ कृषि बैंकिंग की जरूरत एक दृष्टिकोण	32
➢ सेंट किसान क्रेडिट कार्ड (सीकेसीसी)	36
➢ सेंट किसान गोल्ड कार्ड	37
➢ सेंट डेयरी योजना	39
➢ सेंट पॉली हाउस, ग्रीन हाउस, शेड नेट हाउस योजना	41
➢ सेंट ग्रामीण भंडारण योजना	43
➢ सेंट किसान तत्काल योजना	45
➢ सेंट वर्मीकॉम्पोसट योजना	46
➢ सेंट सोलर वाटर हीटर योजना	48
➢ सेंट सोलर लाइट	49
➢ सेंट एग्री फार्मेहाउस योजना	50
➢ सेंट एग्रीकल्चर लैंड पर्चेज स्कीम	52
➢ सेंट किसान साथी	53
➢ सेंट एसएचजी बैंक लिंकेज योजना	54
➢ सेंट एग्री क्लीनिक एवं एग्रीबिजनेस सेंटर्स	55
➢ वेयरहाउस रसीद की रसीद पर वित्तपोषण की संशोधित योजना	56
➢ सेंट किसान व्हीकल स्कीम	58
➢ सेंट ट्रैक्टर ऋण योजना	60
➢ सेंट सोलर पंपसेट	62
➢ संयुक्त देयता समूहों / सदस्यों को वित्त पोषण	63
➢ संयुक्त देयता समूहों/ सदस्यों को वित्त पोषण	65
➢ सेंट पोल्ट्री	71
➢ सेंट सोलर - प्रधानमंत्री कुसुम योजना	74
➢ सेन्ट सरल व्यवसाय ऋण	76
➢ सेन्ट स्वयं सहायता समूह	78
➢ सेंट सोलर पंपसेट	80

➢ सेंट एसआरएम योजना	82
➢ सेंट विश्वास योजना	84
➢ सेंट पीएमएफएमई योजना	86
➢ दीनदयाल अंत्योदय योजना–एनआरएलएम	88
➢ सेन्ट कम्प्रेसेड बॉयो गैस	92
➢ सेंट कृषि विपणन आधारभूत संरचना योजना	93
➢ सेंट पशुपलन आधारभूत योजना	94
➢ सेंट इस्टेट खरीदी योजना	95
➢ सेंट मत्स्य योजना	96
➢ सेंट फलेक्सी कृषि व्यवसाय ऋण योजना	97
➢ सेंट फूड प्रोसेसिंग प्लस योजना – राईस मिल्स	98
➢ सेन्ट एफपीओ ऋण योजना	99
➢ सेन्ट यूपीआई पंजीकरण हेतु प्रक्रिया	100
➢ उपसंहार	101

:प्रस्तावना:

भारत ग्रामीण समाज प्रधान देश है जहां तीन चौथाई जनसंख्या अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है और उनकी आजीविका का आधार कृषि एवं ग्रामीण कुटीर उद्योग हैं. भारत में ग्रामीण जीवन इसकी मूल विशिष्टिता बन चुका है इसी संदर्भ में महात्मा गांधी का कहना था कि भारत गांवों में बसता है. अतः गांवों का विकास ही सच्चे अर्थो में भारत का विकास होगा न केवल सार्थक हैं बल्कि आधुनिक भारत में निर्माण का प्रमुख केंद्र बिन्दु है. कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था का मेरुदण्ड है. जहां एक ओर यह प्रमुख रोजगार प्रदाता क्षेत्र है. वहीं सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में इसका महत्वपूर्ण योगदान है. देश की लगभग 70 प्रतिशत जनसंख्या अपनी आजीविका हेतु कृषि पर ही निर्भर है. कृषि की सकल घरेलू उत्पादन में भागीदारी लगभग 21 प्रतिशत है.

मध्यप्रदेश में राज्य स्तरिय बैंकर्स समिति का संयोजक बैंक होने के कारण प्रदेश में कृषि उद्योग को बढ़ावा देने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को लागू करने की हमारी जिम्मेदारी और अधिक हो जाती है. बैंकों द्वारा कृषि ऋण बहुत ही किफाईती ब्याज दरों पर उपलब्ध करवाए जा रहे है जिससे किसान अच्छे उपकरण खरीद कर अपनी उपज में वृद्धि कर सके. किसानों की आय बढाने के लिए बैंकों द्वारा विभिन्न कृषि योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है. नाबार्ड एवं पशु पालन विभाग द्वारा भी किसानों की आय दुगनी करने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विशेष सहयोग प्रदान किया जा रहा है. केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री फार्मलाइजेशन आफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग इंटेरप्राइजेज़ योजना के माध्यम से फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाने के लिए रूपये 10 लाख का अनुदान दिया जाता है. फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाकर कच्चे माल से प्रोसैस फूड करके जैसे आचार, पापड़, टोमोटो कैचप, चिप्स आदि बनाकर उनकी पैकिंग की जाती है और इस सामान को देश के अलावा विदेशों में भी भेजा जा सकता है. मध्यप्रदेश में उचित भंडारण व्यवस्था न होने के कारण काफी मात्रा में अनाज खराब हो जाता है. सरकार द्वारा एग्रिकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फ़ंड योजना के माध्यम से किसानों को ग्रामीण गोदाम, कोल्ड स्टोरेज एवं वेयर हाउस के लिए ऋण सुविधा दी जाती है जिससे अनाज को बर्बाद होने से बचाया जा सकता है .

आज, भारत खाद्यान्न में आत्मनिर्भर है, हालांकि बढ़ती जनसंख्या की खाद्यान्न जरूरतों को पूरा करने का दबाव भी भारत पर निरंतर बढ़ता जा रहा है. अंर्तराष्ट्रीय पटल पर, विश्व में भारतीय कृषि के लिए, भविष्य में निहितार्थ रखेगा. भारत किस प्रकार इन चुनौतियों से निपटेगा, यह देखा जाना शेष है.

हमारे भोपाल अंचल के राजभाषा अधिकारियों द्वारा कृषि की विभिन्न योजनाओं के बारे में पुस्तक लिखने का अच्छा प्रयास किया गया है. मुझे आशा है कि इस पुस्तक के माध्यम से हमारे किसान भाई बैंक की योजनाओं का लाभ उठा पाएंगे.

(एस डी माहुरकर)
फील्ड महाप्रबंधक
सेंट्रल बैंक आफ इंडिया
आंचलिक कार्यालय भोपाल



उत्तम खेती मध्यम बान
नीच चाकरी कुक्कर निदान

यह प्रसिद्ध चुटकी सदियों से हमारे बुजुर्ग सुनाते रहे हैं. खेती को सर्वोत्तम कार्य माना गया है जबकि व्यापार व नौकरी को क्रमश: मध्यम व निम्न स्तर का कार्य कहा गया है. सदियों से चली आयी ये भारतीय अवधारणा आज बिल्कुल उलटी हो गई है. अगर इस कहावत को सही परिप्रेक्ष्य में हम समझ पाए तो यकीनन देश की अनेक समस्याओं का हल चुटकियों में सुलझ जाएगा.

भारतीय कृषि अर्थव्यवस्था

भारत कृषि प्रधान देश है. यह तथ्य भारत को विकासशील देशों में शामिल करता है. विकसित राष्ट्रों में सकल घरेलू उत्पाद में कृषि की भागीदारी का प्रतिशत कम होता है. वहां की अपेक्षाकृत कम जनसंख्या कृषि कार्यों में संलग्न होती है.

कृषि के माध्यम से खाद्यान्न तो उपलब्ध होता ही है, साथ ही अनेक प्रमुख उद्योगों के लिए कच्चा माल भी उपलब्ध होता है (सूती वस्त्र उद्योग, जूट उद्योग, चीनी उद्योग, चाय उद्योग, सिगरेट उद्योग और तम्बाकू उद्योग, आदि). भारत में कृषि राष्ट्रीय आय का एक प्रधान स्रोत है. कृषिजन्य उत्पाद व्यापार (राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय) का एक अभिन्न एवं प्रमुख हिस्सा है. भारत द्वारा चाय, कपास, तिलहन, मसाला, तम्बाकू आदि का विश्व-व्यापार होता है. कृषिजन्य उत्पादों के आंतरिक व्यापार से परिवहन कर और अंतरराष्ट्रीय व्यापार से तटकर की आय में वृद्धि होती है, जो अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए नितांत आवश्यक है.

कृषि संपूर्ण राष्ट्र को प्रभावित करती है. कृषि-उत्पादन मुद्रास्फीति दर पर अंकुश रखता है, उद्योगों की शक्ति प्रदान करता है, कृषक आय में वृद्धि करता है तथा रोजगार प्रदान करता है. कृषि का आर्थिक महत्व के साथ-साथ सामाजिक महत्व भी है. यह क्षेत्र निर्धनता उन्मूलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है क्योंकि इस क्षेत्र में अधिकांश निर्धन लोग ही कार्यरत हैं और यदि कृषि क्षेत्र का विकास होगा तो निर्धनता भी स्वतः समाप्त हो जायेगी.

भारतीय कृषि का स्वरूप

स्वतंत्रता प्राप्ति के दशकों बाद कृषि का उत्पादन कई गुणा बढ़ चुका है. किंतु भारतीय कृषि में व्याप्त कुछ कारक इसके संतुलित विकास व वृद्धि में अवरोधक हैं.

अभी भी भारत में प्रतिहेक्टेयर भूमि में उत्पादन का स्तर बहुत ही न्यून है. कृषि के विकास के लिए नयी तकनीक, मशीनरी तथा नव-विकसित बीजों को अपनाकर यदि कृषि के क्षेत्र में कदम बढ़ाया जाए, तो हम विश्व के प्रमुख देशों के उत्पादन-स्तर से अधिक हासिल कर सकते हैं. कृषि को उद्योग का दर्जा देना नितांत आवश्यक है. भारत में अधिकांश कृषि क्षेत्र अल्प-वर्षा वाले हैं और वहां सिंचाई की सुविधा भी बहुत ही सीमित है. बहुत-से क्षेत्र बाढ़ और सूखा जैसी प्राकृतिक आपदा से त्रस्त हैं. यहां मिट्टी का वितरण भी विभिन्न क्षेत्रों में असमान ही है, इसलिए विभिन्न प्रकार की फसलें उत्पादित होती हैं.

हमारे कृषक आज भी निरंतर कृषि की परम्परागत तकनीक का इस्तेमाल करते हैं और अधिकतर निर्वाह कृषि ही करते हैं. वित्तीय बाधाएं लघु एवं सीमांत कृषकों को उत्पादकता एवं उत्पादन में वृद्धि करने हेतु खेती की आधुनिक पद्धति को अपनाने से रोकती है. भारतीय कृषि अभी भी व्यापक रूप से सिंचाई हेतु मानसून पर निर्भर करती है. लगभग 60 से 70 प्रतिशत विशुद्ध बुवाई क्षेत्र निरंतर सिंचाई की अपेक्षा वर्षा के जल पर निर्भर रहता है. खस्ताहाल विपणन एवं भण्डारण व्यवस्था भी भारतीय कृषि की समस्याओं का बखान करती हैं.

भारत के विकास में कृषि बैंकिंग का महत्व

भारतीय बैंकिंग प्रणाली में बैंकों का राष्ट्रीयकरण एवं क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की स्थापना भारतवर्ष के कृषकों एवं पिछड़े वर्ग के लोगों के जीवन में क्रांतिकारी घटना मानी जा सकती है क्योंकि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की स्थापना के पीछे मूल उद्देश्य यही है कि छोटे तथा मझोले स्तर के किसानों, भूमिहीन मजदूरों आदि को आसानी से बैंकिंग सेवाओं एवं सुविधाओं का लाभ पहुंचाया जाए तथा उन्हें युग-युग से चले आ रहे साहूकारों की जंजीरों से मुक्ति दिलाकर उनके अपने गौरव को पुनरूज्जीवित करनें की सहायता प्रदान की जाए. इन बैंकों की स्थापना क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के अध्यादेश 1975 अंतर्गत किए जाने का निर्धारण किया गया और स्थानीय जरूर दृष्टिगत रखकर सभी अनुसूचित बैंकों को इस प्रकार की क्षेत्रीय ग्रामीण बैंको की स्थापना के लिए अनुदेश जारी किए गए हैं. इन अनुदेशों के अनुसार सभी वाणिज्यिक बैंकों ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की स्थापना की है और निरंतर ये बैंक स्थापित किए जा रहे हैं और इस प्रकार की महत्वाकांक्षी योजना तैयार की गई है कि इनका विकास ऐसे

क्षेत्रों में विशेष रूप से किया जाएगा जहां पर वाणिज्यिक बैंकों तथा सहकारी बैंकों की सेवाओं एवं सुविधाओं का विकास नहीं हो सका है. इस प्रकार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों द्वारा उनके लक्ष्य की पूर्ति करने की दिशा में निरंतर प्रयास जारी है और इनकी सेवाओ तथा सुविधाओं का लाभ उचित जरूरतमंद व्यक्तियों तक पहुंच रहा है, यही क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के लोकप्रिय होने की पावती मानी जा सकती है.

भारतीय बैंकिग प्रणाली में वाणिज्यिक बैंकों की अपनी अलग पहचान होने के साथ ही उनका महत्व विशेष माना जा सकता है. बैंकिंग प्रणाली की 'रीढ़' की हड्डी इसको कहा जा सकता है. ये बैंक अपने पूर्ण अंश पत्रों के विक्रय, जनता से प्राप्त जमा सुरक्षित कोष, अन्य बैंकों तथा केन्द्रीय बैंक से ऋण लेकर प्राप्त करते हैं और सरकारी प्रतिभूतियों, विनिमय पत्रों, बाड़ों, तैयार माल अथवा अन्य प्रकार की तरल या चल सम्पत्ति की जमानत पर ऋण प्रदान करते हैं. भारतीय रिजर्व बैंक का इन पर नियंत्रण रहता है. राष्ट्रीयकरण से पूर्व इनका उद्देश्य तथा बैंकिग प्रणाली थोड़ी भिन्न प्रकार की थी किन्तु प्रमुख बैंकों के राष्ट्रीयकरण के साथ ही इनकी कार्य प्रणाली तथा अंतर्गत परिचालन की दशा एव दिशा में आमूलाग्र परिवर्तन हुए हैं. इस परिवर्तन के पीछे बैंकों के राष्ट्रीयकरण का मूल उद्देश्य निहित है. अत: भारतीय बैंकिंग व्यवस्था के प्रमुख वाणिज्यिक बैंको के राष्ट्रीयकरण की घटना युगप्रवर्तक मानी जा सकती है. बैंक राष्ट्रीयकरण के साथ ही भारतवर्ष की सामाजिक तथा आर्थिक विकास की दिशा उन्नत करने वाले एक नए पर्व की शुरूआत हुई है. 19 जुलाई 1969 को देश के ५० करोड़ रुपये से अधिक जमा राशि वाले प्रमुख चौदह अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के राष्ट्रीयकरण के साथ ही इस नए विकास पर्व का श्रीगणेश हुआ. इसी के साथ ही भारतीय बैंकिंग प्रणाली मात्र लेन-देन, जमा या ऋण के माध्यम से केवल लाभ अर्जित करने वाला उद्योग ही न रहकर भारतीय समाज के गरीब, दलित तबकों के सामाजिक एवं आर्थिक पुनरुत्थान और आर्थिक रूप में उन्हें ऊंचा उठाने का एक सशक्त माध्यम बन गया. बैंक राष्ट्रीयकरण की सूत्रधार सौदामिनी श्रीमती इंदिरा गांधी को पूरा यकीन था कि यह बैंकिंग उद्योग राष्ट्र के सर्वागीण विकास एवं पुनरुत्थान की दिशा में तेजी लायेगा. बैंकों के राष्ट्रीयकरण के ऐतिहासिक पर्व की शुरूआत करते समय कहा गया था कि "बैंकिंग प्रणाली जैसी संस्था, जो हजारों-लाखों लोगों तक पहुंचती है और जिसे लाखों लोगों तक पहुंचाना चाहिए, के पीछे आवश्यक रूप से कोई बड़ा सामाजिक उद्देश्य होना चाहिए जिससे वह प्रेरित हो और इन क्षेत्रों को चाहिए कि वह राष्ट्रीय प्राथमिकताओं तथा उद्देश्यों को पूरा करने में अपना योगदान दें. "

भारत की लगभग अस्सी प्रतिशत जनता ग्रामवासिनी है. यदि देश की ग्रामीण जनता के विकास पर कोई ध्यान नहीं दिया जाएगा तो बीस प्रतिशत शहरी लोगों की उन्नति के बल पर राष्ट्रीय उन्नति के स्वप्न देखना बेईमानी हैं. कई शताब्दियों से ग्राम निवासी भूख, रोग, अज्ञानता और शोषण से पीड़ित है. स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद गाँववासियों की

अवस्था में सुधार के कई प्रयास किए गए है, लेकिन अभी बहुत कुछ कमियाँ हैं, जिसका सामना हमें करना हैं. गाँवों में सुधार की गति में तीव्रता लाने की आवश्यकता है, ताकि वे भी शहरों के समान विकास के आयामों को छू सके और हम अपने सपनों के भारत की ओर उन्मुख हो सकें.

1969 में बैंकों का राष्ट्रीयकरण भारतीय अर्थव्यवस्था के इतिहास की महत्वपूर्ण घटना है. इससे पहले ग्रामीण क्षेत्र हमारी अर्थव्यवस्था का पूर्णत: उपेक्षित हिस्सा था. गाँवों में आय का मुख्य साधन कृषि है. हमारी राष्ट्रीय आय का लगभग पचास प्रतिशत का योगदान ग्रामीण और अर्द्धग्रामीण इलाकों से प्राप्त होता है. कृषि पर आधारित उद्योग भी कृषि के उत्पादन पर निर्भर होती है. यह क्षेत्र पिछड़ा और शोषित है. इसके विकास पर ही हमारी सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था का विकास निर्भर करता है. भारतीय अर्थव्यवस्था द्विआयामी है. इसके दो मुख्य क्षेत्र शहरी और ग्रामीण है. दोनों में कोई संबंध नहीं है. ग्रामीण इलाकों में सहकारी ऋणों की सुविधा नही है. गांव वाले महाजन से कर्ज लेते हैं, जो भोले-भाले लोगों से अधिक ब्याज लेकर उनका शोषण करते हैं. किसी वित्तीय संस्था से उनका संबंध नहीं होता है. भारतीय रिजर्व बैंक की आर्थिक नीति का प्रभाव साहूकारों पर नहीं पड़ा है. इस प्रकार भारतीय अर्थव्यवस्था के दोनों क्षेत्रों की विशेषताएँ अलग-अलग हैं, जिनका आपस में सामंजस्य नहीं के बराबर है.

बैकिंग प्रणाली को देश के अंदर तक प्रसारित करने के लिए ग्रामीणों को आसान और सरल किश्तों पर ऋण की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है. इससे कृषि और ग्रामीण उद्योगों को प्रोत्साहन मिला है. इससे हरित क्रांति को भी बढ़ावा मिला है. कृषि उत्पादों में वृद्धि होने से राष्ट्र के विकास को सहयोग प्राप्त हुआ है. कृषि उत्पादन में अवरोध से औद्योगिक विकास को हानि पहुँचती है, जबकि कृषि उत्पादन में विकास से राष्ट्रीय आय में वृद्धि होती है. ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक सेवा बचत में वृद्धि के लिए उपयोगी है, उस बचत का प्रयोग उत्पादकीय कार्यो में किया जा सकता है. वर्तमान समय में गांवों में बहुत कम बचत होती है, और उसे भी दबाकर रखने या सोना खरीदने में लगा दिया जाता है. कुछ व्यक्ति उसका व्यय सामाजिक रीति-रिवाजों के पालन में कर देते हैं. ग्रामीण बैंकों को छोटी-छोटी बचतों को जमा करने की सुविधा प्रदान करनी चाहिए. इस बात का प्रबंध भी किया जाना चाहिए ताकि किसान ऋण का भुगतान कृषि उत्पादों के रूप में कर सकें. बैंकों को प्राकृतिक आपदाओं के दौरान ग्रामीणों को सहायतार्थ ऋण की सुविधाएं देनी चाहिए.

गाँवों की स्थिति में सुधार के लिए बैंकों को गाँव में कार्यरत स्थानीय संस्थाओं की सहायता करनी चाहिए. उन्हें सड़क, दीवार, कुओं के निर्माण और शिक्षा-संस्थाओं की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करनी चाहिए. बैंक गांवों में घरों के निर्माण का जिम्मा भी उठा सकते हैं और उसकी भरपाई किश्तों द्वारा ली जा सकती है. फसलों के बीमे की सुविधा उपलब्ध कराई जानी चाहिए ताकि प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, सूखा,

महामारी की चपेट में आने से किसानों को हानि न उठानी पड़े. इसके अतिरिक्त बैंक स्थानीय संस्थाओं की मदद से गांवों में लघु उद्योगों और कुटीर उद्योगों की स्थापना कर सकते हैं. किसान को कृषि का कार्य केवल छः महीने या मौसम के हिसाब से करना होता है, लघु उद्योग खाली समय में उसके आय का स्रोत बन सकते हैं. कुटीर उद्योगों के विकास से गाँव में बेरोजगारी की समस्या का बहुत हद तक समाधान किया जा सकता है. इन उद्योगों द्वारा उत्पादित वस्तुएँ ग्रामीणों को कम कीमतों पर प्राप्त हो सकेंगी और उन्हें इन वस्तुओं को खरीदने के लिए शहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी.

गाँव में बैंक सेवा के विकास की संभावनाएं विस्तृत हैं. बैंकों के माध्यम से ग्रामीण इलाकों का विकास होगा और फलतः देश का विकास होगा. गाँव की आर्थिक उन्नति होगी जिससे आय के असमान वितरण की समस्या सुलझ जाएगी. बैंकों की गरीबी-रेखा से नीचे के लोगों को भी सुविधा प्राप्त होगी. इससे धनी किसानों और निर्धन किसानों के बीच का अंतर कम होगा. इस प्रकार देश की उन्नति ही नहीं होगी, बल्कि ग्रामीण जनता में आत्मनिर्भरता की भावना का प्रसार होगा.

राष्ट्रीयकरण से पूर्व सभी वाणिज्यिक बैंकों की अपनी अलग और स्वतंत्र नीतियां होती थीं और उनका उद्देश्य अधिकाधिक लाभ के मार्गों को प्रशस्त करने तक ही सीमित था जो स्वाभाविक ही माना जाना चाहिए क्योंकि इन बैंकों के अधिकतर शेयर-धारक कुछ इने-गिने पूंजीपति व्यक्ति थे जो अपने हितों की रक्षा के साथ निजी हिताधिकारियों को ही बैंकिंग सेवाओं एवं सुविधाओं का लाभ पहुंचाते थे. समाज के गरीब, कमजोर वर्ग, दलित तथा सामान्य ग्रामीण तबकों के लोगों को बैंक किस चिडिया का नाम होता है, इसका भी पता नहीं था. अतः वे दिन-प्रतिदिन सेठ-साहूकारों एवं महाजनों के सूद के नीचे इतने दब गए कि जीवन की असली पहचान तक भूल गए. भारतवर्ष असलियत में ग्रामों में ही बसा है और ग्रामों में किसान एवं खेतीहर मजदूर बसते हैं. बैंक राष्ट्रीयकरण के पूर्व किसानों की हालत इतनी खराब होती थी कि उनके बारे में एक कड़वा सत्य कहा जाता है कि भारतीय किसान कर्ज में ही जन्म लेता है. कर्ज में ही पलता है और पीछे कर्ज छोड़कर ही मरता है. फलतः ऐसी दशा में पूंजीपति अधिक धनवान होते गए तथा निर्धन और भी गरीबी के दो पाटों में पिसते गए और देश में भयंकर सामाजिक असंतुलन का संकट पैदा हो गया. सामाजिक असंतुलन के साथ ही राष्ट्र जबर्दस्त आर्थिक विषमताओं के कोढ़ में उलझ गया. इस प्रकार सामाजिक तथा आर्थिक विकास की गति अवरुद्ध होती गई जिसके फलस्वरूप क्रांतिकारी नई आर्थिक नीति की आवश्यकता महसूस की जाने लगी थी अतः देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी बैंकों का राष्ट्रीयकरण करके उन्हें देश के विकास प्रवाह में शामिल किया जाना एक राष्ट्रीय आवश्यक्ता थी. फलतः बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया. इस राष्ट्रीयकरण में मूल उद्देश्य यही रहा कि बैंकिंग प्रणाली देश के आर्थिक विकास

मूलक कार्यों में सक्रिय सहयोग प्रदान करके बैंकिंग सेवाओं एवं सुविधाओं का लाभ समाज के कमजोर वर्गों सहित अन्य सभी क्षेत्रों को पहुंचाने में अहम भूमिका अदा करें.

इस प्रकार प्रमुख वाणिज्यिक बैंकों का राष्ट्रीयकरण करने के मूल उद्देश्य थे.

(अ) बैंकिंग सुविधाओं तथा सेवाओं का विस्तार करना, राष्ट्रीयकरण के पहले बैंकिग सेवाए कुछ पूजीपतियों एवं बड़े व्यापारी तथा किसानों तक ही सीमित थीं जिसके फलस्वरूप समाज के दो वर्गों में बहुत बड़ी आर्थिक दरार उत्पन्न हो गई थी. इस आर्थिक विषमता को दूर करने हेतु बैंकिग सेवाओं एवं सुविधाओं का लाभ समाज में सभी वर्गों विशेषत: ग्रामीण कस्बाई क्षेत्रों में बसे कमजोर वर्गों तक पहुंचाने का मूल उद्देश्य बैंकों के राष्ट्रीयकरण में निहित है.

(आ) देश का आर्थिक विकास दूसरा उद्देश्य माना जा सकता है. जैसा कि पहले भी कहा जा चुका है कि बैंक राष्ट्रीयकरण के पहले देश में आर्थिक संकट उत्पन्न होने के कारण आर्थिक विकास की गति अवरुद्ध हो गई थी. अत: देश के आर्थिक विकास में तेजी लाने के लिए बैंको का राष्ट्रीयकरण किया जाना बहुत ही आवश्यक हो गया था क्योंकि किसी भी देश की प्रगति एवं खुशहाली के लिए उसके आर्थिक विकास की ही महत्वपूर्ण भूमिका रहती है.

(इ) बैंक राष्ट्रीयकरण का तीसरा उद्देश्य था देश में बेरोजगारी की समस्या. यह भारतवर्ष की मुख्य चिंता रही है कि बैंकों के राष्ट्रीयकरण के माध्यम से इस समस्या का समाधान खोजा जा सकता था क्योंकि शिक्षित बेरोजगारों को आर्थिक सहायता के माध्यम से उनके अपने निजी उद्योग या स्वरोजगार के अनेक साधनों में वृद्धि करके बेरोजगारी पर काबू पाया जा सकता था. जब तक देश में बेरोजगारी की समस्या का उचित हल नहीं होता तब तक उसके विकास कार्य में तेजी नहीं आ सकती. इस तथ्य को दृष्टिगत रखकर बेरोजगारी उन्मूलन की दिशा में ठोस कदम उठाए जाना जरूरी हो गया था ताकि बैंकिंग सेवाओं तथा सहायता का लाभ शिक्षित बेरोजगारों को मिलकर वे अपनी उन्नति के नए मार्ग प्रशस्त कर सकें.

(ई) बैंक राष्ट्रीयकरण का एक उद्देश्य यह भी था कि समाज के कम जोर वर्गों तथा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों के लोगों का बैंकिंग सेवाओं एवं सुविधाओं के माध्यम से उत्था करके देश की आर्थिक उन्नति को एक नई दिशा प्रदान कराना. देश के कमजोर वर्ग तथा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों के लोग अर्थात् छोटे तथा मंझोले किसान, भूमिहीन मजदूर, शिक्षित बेरोजगार, छोटे कारीगर आदि की आर्थिक उन्नति में योगदान दिया जाना बहुत आवश्यक हो गया था क्योंकि ऐसे वर्गों के लोग देशभर में फैले हुए थे और उनकी संख्या काफी थी. समाज में वे अपेक्षित भी थे. अत: वर्गों के लोगों में नया आत्मविश्वास पैदा करके उन्हें उन्नति एवं खुशाहाली के मार्ग पर लाना देश की सर्वांगीण प्रगति के लिए बहुत

जरुरी हो गया था. अत: बैंकिंग सुविधा के माध्यम से ही इनका विकास संभव था. फलत: बैंक राष्ट्रीयकरण का विचार सामने आया.

(उ) बैंकों के राष्ट्रीयकरण का एक और मूल उद्देश्य था ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति में सुधार तथा कृषि एवं लघु उद्योगों के क्षेत्रों की समुचित प्रगति किया जाना. भारतीय किसान युग-युग से उपेक्षित ही रहा और हर बार वह औरों से चुसता ही गया. फलत: वह गरीबी की पर्तों से ऊपर नहीं उठ सका था. यही हालत कुटीर उद्योग एवं लघु उद्योगों की थी. ये व्यवसाय अधिकतर कृषि पर ही निर्भर करते थे और कृषि और कृषि का क्षेत्र उपेक्षित तथा अविकसित होने के कारण इन उद्योगों का भी प्रगति नहीं हो पाई थी. इस प्रकार, कृषि एवं लघु उद्योग जैसे उपेक्षित क्षेत्रों की ओर उचित ध्यान देकर उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार लाया जाना राष्ट्र की प्रगति के लिए बहुत आवश्यक तथा अनिवार्य हो गया था.

(ऊ) देश के बीमार उद्योगों को पुनरूज्जीवित करके नए लघु-स्तरीय उद्योगों के नव निर्माण को बढ़ावा देना भी बैंकों के राष्ट्रीयकरण का एक उद्देश्य था. बीमार उद्योगों के कारण बेरोजगारी की समस्या में वृद्धि होकर आर्थिक मंदी फैलने का यह भी एक कारण था अत: ऐसे उद्योगों को आर्थिक सहायता देकर पुनरूज्जीवित करना आवश्यक था. इसके साथ ही लघु-स्तरीय उद्योगों की संख्या पर्याप्त नहीं थी जिससे कस्बाई क्षेत्रों की प्रगति में तेजी नहीं आ पा रही थी और ऐसे उद्यमी हमेशा विदेश की ओर आंखें लगाकर बैठे हुए होते थे. अत: देश की प्रगति के लिए लघु-स्तरीय उद्योगों को बढ़ावा दिया जाना भी अत्यंत जरूरी था जोकि आर्थिक सहायता के बगैर असंभव-सा प्रतीत होता था. अत: बैंकों द्वारा आर्थिक नियोजन के लिए उनपर सरकार का स्वामित्य होना एक आवश्यक बात हो गई थी. इस प्रकार अनेक सामाजिक तथा आर्थिक उद्देश्यों के कारण बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया जिससे कि कमजोर एवं उपेक्षित वर्गों की उन्नति के साथ समाज की और प्रकारांतर से राष्ट्र की प्रगति हो.

ग्रामीण भारत में बैंकिंग क्षेत्र की भूमिका

भारतीय बैंकिंग प्रणाली नें 18 वीं शताब्दी से भारत के आर्थिक विकास में एक महत्पपूर्ण भूमिका निभाई थी. भारतीय रिजर्व बैंक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, निजी बैंकों, वित्तीय और गैर वित्तीय संस्थाओं का मुख्य प्राधिकरण है. बैंकिंग प्रणाली को अनुसूचित बैंक और गैर अनुसूचित बैंक में वर्गीकृत किया जाता है. बैंकिंग क्षेत्र के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में हुए सबसे बड़े परिवर्तन को जानते हैं.

वर्तमान परिदृश्य में कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जहाँ लोग भारत सरकार द्वारा चलायी जा रहीं योजनाओं के बारे में जागरूक नहीं है. बैंकिंग क्षेत्र ग्रामीण क्षेत्रों के शिक्षित और अशिक्षित लोंगों में योजनाओं के बारे में जागरुकता फैलाने का सबसे अच्छा माध्यम है. ग्रामीण क्षेत्र में 41% लोगों का आम बचत खाता होता है जो बैंकिंग क्षेत्र में विकसित प्रौद्योगिकी जैसे एटीएम, क्रेडिट कार्ड लोन सुविधा, नेट बैंकिंग आदि के बारे में भी नहीं जानते हैं. भारत में सिर्फ 20% लोगों को ही बैंक की इन सेवाओं का ज्ञान है. ग्रामीण भारत पर बैंकिंग क्षेत्र द्वारा किये गये सबसे बड़े प्रभाव इस प्रकार हैं:

- किसानों के लिये धन
- शिक्षा व्यवस्था के लिये धन
- व्यापारी लोंगों के लिये धन
- खुदरा बैंकिंग

किसानों के लिये धन

बैंक ग्रामीण भारत में किसानों की वित्तीय स्थिति और आर्थिक विकास में उत्थान के लिये अनेक योजनाओं की घोषणा करते हैं. बैंकों ने किसानों के माध्यम से कृषि क्षेत्र के विकास के लिये निम्न ब्याज दरों पर ऋण सुविधा उपलब्ध कराते हैं. प्रत्येक बैंक नें बैंक की ऋण सुविधाओं और योजनाओं के बारे में किसानों के मार्गदर्शन के लिये कृषि अधिकारी मदद करने के लिए उपस्थित होते हैं.

शिक्षा के लिये धन

बैंक द्वारा प्रदान किये गये शैक्षिक ऋण से निम्न और मध्यम आय स्तर के लोंगों के बच्चों की शिक्षा पर शानदार प्रभाव पड़ा है. इस ऋण की सहायता से ग्रामीण लोग अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर सकते हैं. शिक्षा, बैंकिंग क्षेत्र द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में किये गये प्रमुख विकासों में से एक है.

व्यापार के लिये धन

मुद्रा बैंक बैंकिंग क्षेत्र के विकास की दिशा में उठाए गये महत्वपूर्ण कदमों में से एक है. मुद्रा बैंक विशेष रुप से सूक्ष्म इकाइयों/लघु स्तर के व्यापारियों को समर्पित है. यह निम्न और मध्यम लोगों को व्यापार के लिये ऋण प्रदान करता है. प्रधानमंत्री मुद्रा योजना का प्रयोग सभी सूक्ष्म इकाई व्यापार को विकसित करने में हो रहा है.

मुद्रा बैंक द्वारा प्रदान की गई योजनायें हैं –

- शिशु में 50000 रुपये तक की ऋण राशि शामिल है.
- किशोर में 50000 रुपये से 5 लाख रुपये तक की ऋण राशि शामिल है.
- तरुण में 5 लाख से 10 लाख रुपये तक की ऋण राशि शामिल है.

मुद्रा बैंक छोटे स्तर के उद्यमों के विस्तार की गतिविधियों के लिये मील का पत्थर साबित हुआ है.

खुदरा बैंकिंग

खुदरा बैंकिंग जो उपभोक्ता बैंकिंग के रुप में जानी जाती है कम्पनी के बजाय अलग–अलग उपभोक्ताओं के लिये सेवा प्रदान करती है. ग्रामीण क्षेत्र के लोग खुदरा बैंकिंग के एटीएम, बचत खाता, डेबिट और क्रेडिट कार्ड, व्यक्तिगत ऋण, गृह ऋण आदि माध्यम से बैकिंग क्षेत्र का प्रयोग कर रहे हैं.

ऋण क्या होता है?

ऋण वह है, जो किसी से माँगा या लिया जाता है; सामान्यतः यह ली गयी संपत्ति को व्यक्त करता है, लेकिन यह शब्द धन की आवश्यकता के परे नैतिक दायित्व एवं अन्य पारस्परिक क्रियाओं को भी व्यक्त करता है. परिसंपत्तियों के मामले में, ऋण कुल जोड़ अर्जित होने के पूर्व वर्तमान में भविष्य की क्रय शक्ति के प्रयोग का माध्यम है. कुछ कंपनियां एवं निगम ऋण का प्रयोग अपनी संपूर्ण संगठित (कॉरपोरेट) वित्तीय योजनाओं के भाग के रूप में करते हैं.

ऋण तब सृजित होता है जब एक ऋणदाता एक ऋण प्राप्तकर्ता या ऋणी को कुछ परिसंपत्ति प्रदान करता है. आधुनिक समाज में, सामान्यतः ऋण को अपेक्षित पुनर्भुगतान के साथ प्रदान किया जाता है; ज़्यादातर मामलों में, ब्याज सहित. ऐतिहासिक रूप से, ऋण अनुबंधित नौकर के सृजन हेतु जिम्मेदार था.

बैंकिंग और ग्रामीण ऋण : कृषि ऋण

अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों, जिसमें कृषि एक प्रमुख क्षेत्र है, को उचित ऋण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया था. सर्वांगीण विकास को गति देने के लिए पर्याप्त मात्रा में धन की आवश्यकता होती है. सरकार ने बैंकों को निर्देश दिया कि कृषि क्षेत्र में ऋण आवंटन को प्राथमिकता दें. पंचवर्षीय योजना में कृषि के लिए विशेष बज़ट आवंटन के मद्देनजर किसानों पर निर्भर है कि वे बैंको द्वारा प्रदत्त योजना से किस हद तक लाभ उठाते हैं. सहकारी व ग्रामीण बैंक भारत के ग्रामीण भागों में ऋण प्रदान करने में एक बड़ी भूमिका निभा रहे हैं.

भारत में कृषि बैकिंग का विकास

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी): पहले 196 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक थे जो 27 राज्य सहकारी बैंकों द्वारा प्रायोजित थे. विलय के पश्चात 31 मार्च 2013 तक इनकी संख्या 196 से घटकर 64 हो गई. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) को नाबार्ड द्वारा विनियमित किया जाता है. इस प्रकार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की स्थापना से कुछ हद तक कृषि बैकिंग की शुरूआत हुई तथा 1982 में स्थापित नाबार्ड यानि नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट (NABARD) ने कृषि बैकिंग में मील का पत्थर का स्थान प्राप्त किया.

शिवरामन समिति (शिवरामन कमेटी) की सिफारिशों के आधार पर राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक अधिनियम 1981 को लागू करने के लिए संसद के एक अधिनियम के द्वारा 12 जुलाई 1982, को नाबार्ड की स्थापना की गयी. इसने कृषि ऋण विभाग (एसीडी (ACD) एवं भारतीय रिजर्व बैंक के ग्रामीण योजना और ऋण प्रकोष्ठ (रुरल प्लानिंग एंड क्रेडिट सेल) (आरपीसीसी (RPCC)) तथा कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम (एआरडीसी (ARDC)) को प्रतिस्थापित कर अपनी जगह बनाई. यह ग्रामीण क्षेत्रों में ऋण उपलब्ध कराने के लिए प्रमुख एजेंसियों में से एक है.

वित्त मंत्री अरुण जेटली ने 5 अप्रैल, 2017 को लोकसभा में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (संशोधन) बिल, 2017 को पेश किया. यह बिल राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक अधिनियम , 1981 में संशोधन का प्रयास करता है. 1981 के अधिनियम

में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की स्थापना का प्रावधान है. नाबार्ड ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि और औद्योगिक विकास के लिए ऋण जैसी सुविधाएं प्रदान करने और उन्हें विनियमित करने के लिए जिम्मेदार है.

नाबार्ड की पूंजी में बढ़ोतरी: 1981 के अधिनियम के अंतर्गत नाबार्ड की पूंजी 100 करोड़ रुपए हो सकती है. इसे केंद्र सरकार द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक (भारिबैं) की सलाह से 5,000 करोड़ तक बढ़ाया जा सकता है. बिल केंद्र सरकार को इस पूंजी को 30,000 करोड़ रुपए तक बढ़ाने की अनुमति देता है. अगर जरूरी हो तो इसे केंद्र सरकार द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक (भारिबैं) की सलाह से 30,000 करोड़ से अधिक किया जा सकता है.

केंद्र सरकार को भारिबैं के हिस्से का हस्तांतरण : 1981 के अधिनियम के अंतर्गत केंद्र सरकार और भारिबैं, दोनों के पास नाबार्ड की शेयर पूंजी का कम से कम 51% हिस्सा होना चाहिए. बिल कहता है कि केंद्र सरकार के पास अकेले नाबार्ड की शेयर पूंजी का कम से कम 51% हिस्सा होना चाहिए. बिल भारिबैं की शेयर पूंजी को केंद्र सरकार को हस्तांतरित करता है और उसका मूल्य 20 करोड़ रुपए तय करता है. केंद्र सरकार भारिबैं को इतनी राशि देगा.

नाबार्ड की उत्पत्ति, उददेश्य , मिशन ,स्वामित्व , संगठनात्मक ढांचा , भूमिका एवं कार्य पर जानकारी

1. पृष्ठभूमि

भारतीय संसद के एक अधिनियम के अंतर्गत राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की स्थापना 12 जुलाई 1982 को की गई. एक विकास बैंक के रूप में नाबार्ड को समन्वित ग्रामीण विकास के संवर्धन और समृद्धि हासिल करने तथा उससे जुड़े मामलों अथवा प्रासंगिक उपायों के लिए कृषि, लघु उद्योगों, कुटीर एवं ग्रामोद्योगों, हस्तशिल्प, ग्रामीण शिल्प और ग्रामीण क्षेत्रों में अन्य अनुषंगी आर्थिक गतिविधियों हेतु ऋण उपलब्ध कराने एवं उसका विनियमन करने का अधिदेश दिया गया है.

पिछले तीन दशकों से राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक अर्थात नाबार्ड कृषि बैकिंग विकास, वित्तीय समावेशन और समावेशी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है . वर्ष 1982 में नाबार्ड की स्थापना ग्रामीण विकास और कृषि के संवर्धन की दृष्टि से की गई और नाबार्ड ने ग्रामीण इलाकों में कार्य कर रहे वाणिज्यिक बैंकों की शाखाओं, सहकारी बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, भूमि विकास बैंकों, सूक्ष्म वित्त संस्थानों (Micro Finance Institutions) इत्यादि के लिए एक मार्गदर्शक, नियामक एवं प्रेरक बनकर ग्रामीण वित्तीय समावेशन के लिए अनेक योजनाएं एवं कार्यक्रम संचालित किए हैं . वर्ष 1992 से नाबार्ड के तत्वावधान में लागू एसएचजी-बैंक लिंकेज कार्यक्रम ने देश के गांव-गांव तक स्वयं सहायता समूहों की स्थापना एवं संवर्धन में योगदान दिया है . इसी प्रकार किसान क्रेडिट कार्ड, स्वरोजगार क्रेडिट कार्ड, व्यवसाय प्रतिनिधि इत्यादि के प्रसार में भी नाबार्ड अहम योगदान देता रहा है .

2. नाबार्ड की स्थापना के उद्देश्य

नाबार्ड की स्थापना मुख्य रूप से कृषि और ग्रामीण विकास के उद्देश्य से की गई थी . इसके अलावा नाबार्ड की ग्रामीण विकास में भूमिका इस प्रकार है-

नाबार्ड ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि, लघु उद्योग, कुटीर और ग्रामीण उद्योगों के लिए ऋणों का प्रवाह सुनिश्चित करता है .

नाबार्ड ग्रामीण क्षेत्रों में ऋण के मामले में नीति, आयोजना और परिचालन से जुड़े सभी मामलों के लिए शीर्ष संगठन के रूप में कार्य करता है .

नाबार्ड ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यकलापों के संवर्धन हेतु दिये जाने वाले संस्थागत ऋण जैसे अल्पावधि और दीर्घावधि ऋण के लिए एक पुनर्वित्त संस्था के रूप में कार्य करता है .

नाबार्ड ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए निवेश और उत्पादन ऋण उपलब्ध कराने वाले संस्थानों के लिए वित्तपोषण की एक शीर्ष एजेंसी के रूप में कार्य करता है .

नाबार्ड ग्रामीण इलाकों में विकास के कार्यों में लगी सभी संस्थाओं के कार्यों में समन्वय स्थापित करता है तथा भारत सरकार, राज्य सरकारों, भारतीय रिज़र्व बैंक एवं नीति निर्धारण के मामलों से जुड़ी अन्य राष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं के साथ तालमेल स्थापित करता है .

नाबार्ड अपनी पुनर्वित्त परियोजनाओं की निगरानी एवं मूल्यांकन का कार्य करता है

नाबार्ड ग्रामीण इलाकों में कार्य कर रही सूक्ष्म वित्त संस्थानों, सहकारी बैंकों इत्यादि की निगरानी, पर्यवेक्षण एवं प्रशिक्षण की दिशा में कार्य करता है .

नाबार्ड द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय साक्षरता एवं ऋण सलाह प्रदान करने की दिशा में भी कार्य किया जाता है .

3. मिशन

सहभागिता, संधारणीयता और समानता पर आधारित वित्तीय और गैर-वित्तीय सहयोगों, नवोन्मेषों, प्रौद्योगिकी और संस्थागत विकास के माध्यम से समृद्धि लाने के लिए कृषि और ग्रामीण विकास का संवर्धन

4. स्वामित्व

नाबार्ड, भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्व में है.

5. संगठनात्मक ढांचा

नाबार्ड का प्रधान कार्यालय मुंबई में है और राज्यों तथा केन्द्र शासित क्षेत्रों में 31 क्षेत्रीय कार्यालय, श्रीनगर में एक कक्ष, भारत के उत्तरी, पूर्वी और दक्षिणी क्षेत्र में 03 प्रशिक्षण

संस्थान तथा जिला स्तर पर 418 जिला विकास प्रबंधक हैं. नाबार्ड में 2386 प्रोफेशनल के सहयोग के लिए 1193 अन्य स्टाफ है. (31 मार्च 2020 के डाटा के अनुसार)

6. नाबार्ड की वित्तीय समावेशन में भूमिका

नाबार्ड स्वयं सहायता समूहों, किसान क्लबों और अन्य सामुदायिक समूहों के माध्यम से वित्तीय समावेशन की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है . नाबार्ड ग्रामीण इलाकों में कई विकासात्मक और संवर्धनात्मक गतिविधियाँ करता है जिनसे वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिलता है . नाबार्ड द्वारा किए जा रहे कार्य जिनसे वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिलता है, का संक्षेप में विवरण नीचे दिया गया है–

नाबार्ड का वित्तीय समावेशन विभाग– वित्तीय समावेशन पर श्री सी. रंगराजन की अध्यक्षता में बनी समिति की सिफारिशों के आधार पर नाबार्ड में वित्तीय समावेशन विभाग की स्थापना की गई है जिसके द्वारा नाबार्ड के वित्तीय समावेशन सम्बन्धी कार्यों का समन्वय एवं निरीक्षण किया जाता है. यह विभाग भारत सरकार द्वारा स्थापित 500–500 करोड़ रुपए के कॉर्पस के साथ बनाई गई वित्तीय समावेशन निधि एवं वित्तीय समावेशन प्रौद्योगिकी निधि का भी संचालन करता है . इन निधियों में भारत सरकार, रिज़र्व बैंक एवं नाबार्ड द्वारा क्रमशः 40:40:20 के अनुपात में राशि दी जाएगी . वित्तीय समावेशन निधि के अंतर्गत जहाँ नाबार्ड बैंकिंग सुविधा विहीन लोगों, कम आय वाली निर्धन जनता एवं क्षेत्रों तक वित्तीय समावेशन की पहुंच स्थापित करने के लिए विकासात्मक एवं प्रोत्साहक गतिविधियां संचालित करता है वहीं वित्तीय समावेशन प्रौद्योगिकी निधि का इस्तेमाल वित्तीय समावेशन के लिए नवोन्मेष, नई प्रौद्योगिकी इत्यादि के विकास के लिए किया जाता है . इन निधियों के अंतर्गत अब तक नाबार्ड ने 339.61 करोड़ की राशि की परियोजनाएँ मंजूर की है

7. मुख्य कार्य

संवर्धन और विकास, पुनर्वित्त, पुनर्वित्त पोषण, वित्तपोषण, आयोजना और अनुप्रवर्तन तथा पर्यवेक्षण सहित नाबार्ड के प्रमुख कार्य हैं :

गैर–ऋण संबंधी :

• ऋण आयोजना और अनुप्रवर्तन, विभिन्न एजेन्सियों और संस्थाओं के साथ समन्वय.

• कृषि और ग्रामीण विकास से संबंधित मामालों पर भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक और राज्य सरकारों को नीति निर्माण में सहयोग
• ग्रामीण ऋण वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए सहकारी संस्थाओं और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (क्षेग्रा बैंक) का संस्थागत विकास व क्षमता निर्माण. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (क्षेग्रा बैंक), राज्य सहकारी बैंकों और जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंकों (जिमस बैंकों) का सांविधिक निरीक्षण और राज्य सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों (रासकृग्राबि बैंकों) का स्वैच्छिक निरीक्षण व उनकी स्थलेतर निगरानी.
• कृषि, गैर-कृषि, सूक्ष्म वित्त, वित्तीय समावेशन के क्षेत्रों में संवर्धनात्मक व विकासात्मक पहल सरकार प्रायोजित कार्यक्रमों के साथ सहमेल वित्तीय समावेशन.
• क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और सहकारी बैंकों को वित्तीय समावेशन प्रयासों में सहयोग.
• आजीविका अवसरों और सूक्ष्य उद्यमों के संवर्धन पर बल.
• ऋण सहकारिताओं के कार्मिकों व बोर्ड सदस्यों व ग्रामीण वित्तीय संस्थाओं के स्टाफ का वित्तपोषण.
• अनुसंधान और विकास, ग्रामीण नवोन्मेष आदि को सहयोग.

४. साझेदार संस्थाएं/ ग्राहक

ऋण संबंधी :

• अनुसूचित वाणिज्य बैंक
• राज्य सरकार
• राज्य स्वामित्व निकाय और कारपोरेशन
• क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
• राज्य सहकारी बैंक
• जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंक
• राज्य सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक
• अनुसूचित शहरी सहकारी बैंक
• गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां
• कृषक समूह और उत्पादक संगठन
• भंडारागार आधारभूत सुविधा निधि के अंतर्गत परियोजनाओं के लिए कारपोरेट/ कंपनियां, वैयक्तिक उद्यम, पीपीपी मॉडल के अंतर्गत एसपीवी आदि.

विकासोन्मुख :

• ग्रामीण वित्तीय संस्थाएँ

- गैर–सरकारी संगठन और स्वैच्छिक एजेंसियां
- विकास और स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थाएँ
- स्वयं सहायता समूह
- ग्रामीण नवोन्मेषक
- संयुक्त देयता समूह
- कृषक क्लब
- अनुसंधान संस्थाएँ

नीति निर्माण– नाबार्ड ऐसी कार्यनीति विकसित करता है जिसमें स्वयं सहायता समूहों के संवर्धन के माध्यम से किफायती रूप से ऋण वितरण संभव हो सकता है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों की गरीब और ऋण से वंचित जनता को औपचारिक बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध करायी जा सके . नाबार्ड ने यह नीति तय की है कि जम्मू–कश्मीर, उत्तराखंड, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अंडमान निकोबार द्वीप समूह में वित्तीय समावेशन के लिए चलाए जा रही परियोजनाओं को पूरा 100 प्रतिशत आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाएगा. सी. रंगराजन समिति द्वारा रेखांकित किए गए 256 वित्तीय रूप से पिछड़े जिलों के अलावा उड़ीसा, आँध्रप्रदेश और झारखंड के दस नक्सल प्रभावित जिलों को भी वित्तीय समावेशन के मामले में प्राथमिकता दी जाएगी .

वित्तीय साक्षरता में योगदान– नाबार्ड द्वारा वित्तीय साक्षरता के प्रसार हेतु लीड बैंकों द्वारा वित्तीय साक्षरता एवं क्रेडिट सलाह केन्द्र (Financial Literacy & Credit Counselling Centre- FLCC) खोलने को प्रोत्साहन दिया जाता है . मार्च 2012 तक देश में 429 एफएलसीसी खोले जा चुके हैं और आसाम, बिहार और राजस्थान के 9 जिलों में 3 लीड बैंकों को एफएलसीसी स्थापित करने के लिए नाबार्ड ने 46 लाख रुपए मंजूर किए हैं . पिछले साल एफएलसीसी का नाम बदलकर केवल वित्तीय साक्षरता केन्द्र (एफएलसी) कर दिया गया है तथा सभी 630 लीड बैंक प्रबंधकों के कार्यालयों पर वित्तीय साक्षरता केन्द्र खोलने का निर्देश दिया है . इसी तरह, नाबार्ड ने पेंशन फंड विनियामक प्राधिकरण (PFRDA) को असंगठित क्षेत्र में कार्य करने वाले कामगारों/मजदूरों के लिए बनाई गई नई पेंशन योजना (New Pension Scheme- NPS) का प्रसार करने के लिए 50 करोड़ रुपए का अनुदान दिया है .इसी प्रकार दूरदर्शन पर हिन्दी भाषा में वित्तीय समावेशन के कार्यक्रम हेतु नाबार्ड ने रू3.28 करोड़ रुपए का अनुदान दिया है .

प्रशिक्षण– नाबार्ड की भूमिका एसएचजी समूहों के प्रशिक्षण में भी काफी महत्वपूर्ण है . इसके अलावा एसएचजी उधारकर्ताओं में भुगतान की नैतिकता के संबंध में जागरूकता पैदा करने के लिए भी नाबार्ड कार्यशालाएं आयोजित करता है . व्यवसाय प्रतिनिधि (business correspondent) को प्रशिक्षण देने के लिए नाबार्ड ने भारतीय बैंकिंग और वित्त

संस्थान (आई.आई.बी.एफ.) तथा फिनो फिनटेक फाउंडेशन दोनों द्वारा 20000 व्यवसाय प्रतिनिधियों के प्रशिक्षण की एक-एक परियोजना को मंजूरी दी है .

प्रोत्साहन- नाबार्ड स्वैच्छिक एजेंसियों, बैंक, सामाजिक रूप से उत्साही व्यक्तियों, अन्य औपचारिक एवं अनौपचारिक संस्थाओं तथा सरकारी तंत्र को स्वयं सहायता समूह और सूक्ष्म वित्त संस्थानों को ऋण, प्रशिक्षण इत्यादि देने को प्रोत्साहित करता है . नाबार्ड विकासात्मक गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीण इलाकों में कृषि एवं अन्य कार्यों हेतु ऋण उपलब्ध कराने वाली संस्थाओं को वित्तीय एवं विकासात्मक सेवाएं प्रदान करता है, जिससे वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिलता है.

सहकारी बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का विकास- नाबार्ड सहकारी बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की विकास कार्य योजनाएँ तैयार करने में तकनीकी, सांख्यिकीय एवं प्रशिक्षणात्मक सहायता प्रदान करता है . साथ ही, नाबार्ड ग्रामीण बैंकों को उत्कृष्ट प्रबंध सूचना प्रणाली के स्थापित करने, परिचालनों के कम्प्यूटरीकरण और मानव संसाधनों के विकास के लिए भी वित्तीय सहायता प्रदान करता है . इसके अलावा, नाबार्ड सहकारी बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का प्रत्यक्ष निरीक्षण कर उसकी वित्तीय स्थिति की परोक्ष निगरानी करता है और यह सुनिश्चित करता है कि उनके द्वारा वित्तीय समावेशन और स्वयं सहायता समूह को ऋण देने सम्बन्धी दिशानिर्देशों और नियमों की पालना की जाए . नाबार्ड ने सितम्बर 30, 2011 तक 11 राज्यों में कार्यरत 17 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को **किसान क्लबों को व्यवसाय सुविधादाता** (Business Facilitators) के रूप में नियुक्त करने पर वित्तीय समावेशन निधि में से 1.72 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं तथा सूचना प्रौद्योगिकी में सुधार करने के लिए वित्तीय समावेशन प्रौद्योगिकी निधि में से 43.96 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है . इसी प्रकार नाबार्ड ने स्वयं सहायता समूहों को व्यवसाय प्रतिनिधि के रूप में प्रशिक्षित करने के लिए 3 राज्यों में 5 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को 32.20 लाख रुपए की सहयोग राशि दी है . नाबार्ड द्वारा 21 कमजोर आर्थिक स्थिति वाले क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को सीबीएस अपनाने के लिए 191.76 करोड़ की राशि की सहायता राशि मंजूर की है .

एसएचजी बैंक लिंकेज कार्यक्रम- वर्ष 1992 में भारत सरकार ने नाबार्ड के तत्वावधान में स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) को बैंकिंग क्षेत्र से जोड़ने के लिए एसएचजी-बैंक लिंकेज कार्यक्रम एक पायलट स्तर पर 500 एसएचजी को बैंकिंग क्षेत्र से जोड़कर शुरु होकर आज देश में वित्तीय समावेशन का सबसे बड़ा कार्यक्रम बन चुका है . नाबार्ड द्वारा प्रकाशित "भारत में सूक्ष्म वित्त की स्थिति 2011-12" के अनुसार वर्ष 2011-12 में 79.60 लाख एचएचजी द्वारा अपनी बचत बैंक में जमा की गई जिसकी कुल राशि 6551.41 करोड़ रुपए थे . इसी अवधि में 11.98 लाख एसएचजी को ऋण दिए गए जिसकी कुल

राशि 16534.77 करोड़ रुपए थी जबकि बैंकों में बकाया ऋण की राशि 36,340 करोड़ रुपए थी, जो 43.54 लाख एसएचजी को दिए गए थे .

सूक्ष्म वित्त संस्थाओं को सहायता- नाबार्ड द्वारा सूक्ष्म वित्त संस्थाओं को पूंजी सहायता दी जाती है, जिससे वे बैंकों से निधियां प्राप्त कर निर्धनों को कम लागत पर वित्तीय सेवाएं उपलब्ध करा सकें तथा ये सूक्ष्म वित्त संस्थाएं 3 से 5 वर्ष का अवधि में निरंतरता प्राप्त कर सकें . वर्ष 2009-10 के दौरान नाबार्ड ने 10 सूक्ष्म वित्त संस्थाओं के लिए 6.87 करोड़ रुपए मंजूर किए . कुल मिलाकर 33 संस्थाओं को मंजूर संचयी सहायता 27.87 करोड़ रुपए हो गई . हमारे देश में आज भी वाणिज्यिक बैंकों की गांवों तक पहुंच बहुत सीमित है . ऐसी स्थिति में, यह बहुत जरूरी हो जाता है कि सूक्ष्म वित्त संस्थाओं का इस्तेमाल वित्तीय समावेशन स्थापित करने में किया जाए और इस दिशा में नाबार्ड का योगदान अब तक सराहनीय रहा है .

माइक्रो पेंशन सेवाओं को सहयोग- नाबार्ड द्वारा 2.25 करोड़ रुपए का अनुदान इन्वेस्ट इंडिया माइक्रो पेंशन सर्विसेज (IIMPS) को दिया गया है जिसके अंतर्गत 40,000 निर्धन ग्रामीणों को माइक्रो पेंशन सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएगी . यह परियोजना अभी देश के चार राज्यों ओडिसा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में लागू की जा रही है .

स्वरोजगार क्रेडिट कार्ड योजना- नाबार्ड द्वारा स्वरोजगार क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के छोटे दस्तकारों, हथकरघा बुनकरों, स्वनियोजित व्यक्तियों, स्वयं सहायता समूहों को कम लागत पर कार्यशील ऋण प्रदान करता है, जिससे वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिलता है . मार्च 2010 के अंत तक बैंकों द्वारा 4,254.88 करोड़ रुपए ऋण सीमा सहित 10.48 लाख कार्ड जारी किए गए.

ग्रामीण नवोन्मेष निधि- अक्टूबर 1995 में नाबार्ड के तत्वावधान में गांवों में निर्धनता निवारण के गैर-परंपरागत नवोन्मेष को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण नवोन्मेष निधि (Rural Innovation Fund) की स्थापना की गई . मार्च 2010 तक नाबार्ड द्वारा ग्रामीण नवोन्मेष निधि के अंतर्गत 38 करोड़ रुपए की प्रतिबद्धता युक्त 252 परियोजनाएं मंजूर की गई.

स्वयं सहायता समूह डाकघर कार्यक्रम- इस परियोजना का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त डाकघरों के विशाल नेटवर्क का उपयोग ग्रामीण स्वयं सहायता समूहों को ऋण वितरित करना है. फिलहाल यह योजना तमिलनाडु एवं मेघालय में कार्यान्वित की जा रही है.

ग्रामीण वित्तीय संस्थागत कार्यक्रम– इस योजना के अंतर्गत नाबार्ड 13 प्राथमिकता प्राप्त राज्यों में सूक्ष्म वित्त संगठन के रूप में कार्यरत गैर-सरकारी संगठनों के प्रोफाइल, गतिविधियों की प्रकृति को जानने तथा इनकी क्षमता निर्माण की आवश्यकताओं के आकलन हेतु अध्ययन किया गया. इस प्रकार के अध्ययन ग्रामीण इलाकों में कार्यरत संस्थाओं के सामने आ रही बाधाओं को उजागर करते हैं, जिसके आधार पर वित्तीय समावेशन के लिए उपाय अपनाए जा सकते हैं .

किसान क्रेडिट कार्ड– किसान क्रेडिट कार्ड योजना का उद्देश्य बैंकिंग व्यवस्था से किसानों को समुचित और यथासमय सरल एवं आसान तरीके से आर्थिक सहायता दिलाना है ताकि खेती एवं जरूरी उपकरणों की खरीद के लिए उनके वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके. मार्च 2020 के अंत तक 3 करोड़ से अधिक किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए जा चुके हैं जिसके अंतर्गत बकाया ऋण लगभग 205.15 करोड़ रुपए से अधिक है. किसान क्रेडिट कार्ड योजना की वित्तीय समावेशन में भूमिका को देखते हुए इस कार्ड को एटीएम एवं हैंड हेल्ड डिवाइस में भी इस्तेमाल लेने योग्य स्मार्ट कार्ड में बदलने की योजना बनाई गई है.

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) – जून 2011 में सरकार द्वारा स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना को पुनर्गठित कर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का प्रारंभ किया गया जिसके अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से देश की 2.5 लाख ग्राम पंचायतों और छह लाख गांवों के 7 करोड़ ग्रामीण गरीब परिवारों को स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाएगा . इस मिशन की सफलता के लिए स्वयं सहायता समूहों के विकास और संवर्धन में नाबार्ड की भूमिका अहम रहेगी.

व्यवसाय सुविधादाता (Business Facilitators)- व्यवसाय सुविधादाता के लिए गैर सरकारी संगठन, किसान क्लब, सहकारी संस्थान, पोस्ट ऑफिस, बीमा एजेन्ट, ग्रामीण विकास केन्द्र, कृषि विकास केन्द्र, कृषि विज्ञान केन्द्र, केवीआईसी या केवीआईबी के संगठन, सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी, भूतपूर्व सैनिक और सामाजिक संगठन व्यवसाय सुविधादाता के रूप में कार्य कर सकते हैं.

